Use of fish finders and Echo Sounders in Marine fisheries

4057. SHRI A. NEELALOHITHADASAN: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether the Union Government are aware of the beneficial uses of fish finders and Echo Sounders in Marine fisheries;

(b) whether the Marine Product Export Development Authority has any scheme in hand or in contemplation to supply the above instruments at subsidised rates to actual fishing Vessels; and

(c) if so, details thereof?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND RURAL RECONSTRUCTION (SHRI BIRENDRA SINGH RAO): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

अजमेर, राजस्थान में स्विटजरलैण्ड की सहायता से बकरी पालन केन्द्र

4058. श्री भगवान देव : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राजस्थान के अजमेर जिले में स्विटजरलैण्ड की सहायता से एक बकरी पालन केन्द्र खोले जाने की कोई योजना मंजूर की है ;

(ख) यदि हां, तो इस योजना पर केन्द्र सरकार और राजस्थान सरकार द्वारा कितना-कितना अनुमानित व्यय किया जाएगा ;

(ग) यह केन्द्र कब तक कार्य करना शुरू कर देगा; और

(घ) केन्द्र में कितनी बकरियों के पाले जाने की व्यवस्था की जाएगी और इस केन्द्र से कितने व्यक्तियों को रोजगार मिलने की आशा है ?

कृषि और ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्री (श्री बीरेन्द्र सिंह राव) : (क) तथा (ख). सरकार इस योजना पर विचार कर रही है।

(ग) तथा (घ). प्रश्न ही नहीं होता।

उल्हास नगर, महाराष्ट्र स्थित मानव चालित टलीफोन केन्द्र का कार्यकरण

4059 श्री भगवान देव : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को उल्लास नगर, जिला थाना महाराष्ट्र के निवासियों से मानव चालित टेलीफोन केन्द्र के कार्यकरण के बारे में शिकायत मिल रही हैं और क्या उनकी मांग है कि वहां इसके स्थान पर स्वचालित टेलीफोन केन्द्र की स्थापना की जायें ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस बारे में अब तक क्या कार्यवाही की है ;

(ग) क्या इस टेलीफोन केन्द्र के स्थान पर स्वचालित टेलीफोन केन्द्र की स्थापना के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है ;

(घ) यदि हां, तो इस टेलीफोन की स्थापना कब और कहां की जायेगी ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसकी स्थापना में क्या बाधाएं हैं और किसने नगर में ऐसा टेलीफोन केन्द्र स्थापित करने का मापदण्ड क्या है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कार्तिक उरांव) : (क) जी हां।

(ख) और (ग). स्वचल एक्सचेंज द्वारा हस्तचालित एक्सचेंज के प्रतिस्थापन का प्रस्ताव सिद्धांत रूप से स्वीकार कर लिया गया है। हालांकि उल्लास नगर में टेलीफोन प्रणाली कार्यकरण ठीक है, फिर भी महाप्रबंधक दूरसंचार को सेवा और अविलम्ब निराकरण उपायों को प्रारम्भ करने के सभी मामलों के सम्बन्ध में जांच करने के निदेश दे दिये गए है।

(घ) इस उद्देश्य से महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्थानांतरित भूखण्ड संख्या 705, भाग 7 बी०, कैम्प संख्या 2 के भूखण्ड में इस एक्सचेंज को 1984 तक सेवा योग्य बनाए जाने की संभावना है।

(ङ) प्रश्न ही नहीं उठता।

सिंधी भाषा का विकास प्रचार

4060. श्री भगवान देव : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान सिंधी भाषा के विकास प्रचार के लिए कुल कितनी राशि नियत की गई है और इस सम्बन्ध में कौन सी योजनाएं क्रियान्वित करने का विचार है ;